# राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
(मध्यप्रदेश का तकनीकी विश्वविद्यालय)
एयरपोर्ट रोड, गांधी नगर भोपाल–462033
दूरभाष क्रमांकः 0755–2678855

क्रमांक / रागांप्रौवि / परीक्षा / 2024 / 93 भोपाल, दिनांक : 16-01-2024

प्रति,

प्राचार्य / संचालक,
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
मध्य प्रदेश

विषय : परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्रों को दिए जाने वाले निर्देश के संबंध में ।

उपरोक्त विषय के संबंध में यह निर्देशित किया जाता है कि आपके महाविद्यालय में प्रवेशित छात्रों की वर्तमान में चल रही परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए परीक्षा केन्द्र का आवंटन यदि अन्य महाविद्यालय में किया गया है तो आपके महाविद्यालय के ऐसे छात्र / छात्रा जिन्होंने ऑनलाइन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत किया है के प्रवेश–पत्र पर आपके महाविद्यालय के प्राचार्य के हस्ताक्षर व सील अनिवार्य रूप से अंकित होना सुनिश्चित करें एवं छात्रों को निर्देश देवें कि वे अपना परिचय व प्रवेश पत्र (Admit Card) आवश्यक रूप से लेकर जावें। **यदि छात्र / छात्रा प्रवेश–पत्र एवं परिचय–पत्र लेकर उपस्थित नहीं होते हैं तो उन्हें परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जा सकेगा।**

**इसके साथ ही महाविद्यालय के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहें। महाविद्यालय के छात्र की संख्या के नियमानुसार अथवा कम से कम 02 वीक्षक भी परीक्षा केन्द्र पर भेजना सुनिश्चित करें। वीक्षक की अनुपस्थिति में छात्रों को परीक्षा में सम्मिलित किया जाना सम्भव नहीं हो सकेगा।**

परीक्षा केन्द्रों को निर्देशित किया जाता है कि संबंधित महाविद्यालयों से संपर्क कर वीक्षकों को भेजने का अनुरोध करें। साथ ही यदि संबंधित मिहाविद्यालय केनद्र पर वीक्षक नहीं भेजते हैं तो उसकी सूचना **ce@rgpv.ac.in** पर भेजें।

**माननीय कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदित ।**

for [signature]
परीक्षा नियंत्रक
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
भोपाल